वन लाइनर्स (11 अगस्त 2021)

- **भारत** इंटरनेट नीति के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाने के लिए अक्टूबर 2021 में अपने पहले **'इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF)'** की मेजबानी करेगा। इसे **20 से 22 अक्टूबर 2021** तक 3 दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। थीम: **'डिजिटल भारत के लिए समावेशी इंटरनेट'**

- डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी के खिलाफ लोगों को आगाह करने के जन जागरूकता अभियान के लिए RBI ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता **नीरज चोपड़ा** को नियुक्त किया है। नीरज चोपड़ा लोगों को अपना OTP, CVV, ATM पिन किसी को न बताने, अपने ऑनलाइन बैंकिंग पासवर्ड और पिन को समय-समय पर बदलने और यदि कार्ड खो गया है, तो इसे तुरंत ब्लॉक करने के **सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पर RBI के** संदेश देते हुए नज़र आएंगे।
- **प्रकृति और दीक्षा** नाम की दो महिला अधिकारियों को पहली बार भारत-चीन LAC की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार **भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)** में काम्बैट अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **भारत** और **यूएई** ने **अल-मोहद अल-हिंदी 2021 अभ्यास** नामक पहली बार नौसैनिक युद्ध अभ्यास शुरू किया है। यह नौसैनिक अभ्यास **भारतीय सेना प्रमुख की 2020 में पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा** के मद्देनजर दोनों पक्षों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दर्शाता है।

- वयोवृद्ध पद्म श्री पुरस्कार विजेता लेखिका, **सुधा मूर्ति** ने अपनी नई पुस्तक **'हाउ द अर्थ गॉट इट्स ब्यूटी'** का विमोचन किया है। पुस्तक **पेंगुइन रैंडम हाउस इंप्रिंट पफिन** द्वारा प्रकाशित की गई है, और इसमें **प्रियंका पचपांडे का चित्रण** है।
- **भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI)** ने टोक्यो एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलीन खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को सम्मानित करने हेतु भारत में 7 अगस्त को **'जैवलीन थ्रो डे'** के रूप में मनाने का फैसला किया है।
- वयोवृद्ध भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेता, **अनुपम श्याम ओझा (63 वर्षीय)** कामुंबई के लाइफलाइन अस्पताल में अंगों की विफलता के कारण निधन हो गया।
- भारतीय सेना दल के 101 सदस्य **22 अगस्त से 4 सितंबर 2021 तक रूस** मेंआयोजित होने वाले **अंतर्राष्ट्रीय सेना गेम्स 2021** में भाग लेंगे।

- **आजादी का अमृत महोत्सव** के तहत सरकार पूरे भारत में **फिट इंडिया फ्रीडम रन 0** का आयोजन करेगी। **उद्देश्य:** लोगों को अपने दैनिक जीवन में दौड़ने और खेलकूद जैसी फिटनेस गतिविधियों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना और मोटापे, आलस्य, तनाव व बीमारियों से मुक्ति पाना।
- **छत्तीसगढ़** 4,127 हेक्टेयर जंगल में फैले धमतरी जिले के निवासियों के अधिकारों को मान्यता देकर शहरी क्षेत्रों में **सामुदायिक वन संसाधन (CFR) अधिकारों** को मान्यता देने वाला पहला राज्य बन गया है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी पैनल (IPCC)** ने **अपनी छठी मूल्यांकन रिपोर्ट (AR6)** का **पहला भाग** प्रकाशित किया है, जो आने वाले वर्षों में जलवायु विज्ञान का आधार होगी। रिपोर्ट का शीर्षक **'क्लाइमेट चेंज 2021: द फिजिकल साइंस बेसिस'** है। रिपोर्ट के अनुसार, हिंद महासागर अन्य महासागरों की तुलना में अधिक दर से गर्म हो रहा है।

gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now